**THE PIONEER, LUCKNOW**

**DATED: 30.05.2021**

# BLW GM releases safety code of practice

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI



The Safety department of Banaras Locomotive Works (BLW) has published a 'Code of practice for protection from fire and other such untoward incidents', which was released on Saturday through virtual medium by the General Manager (GM) Anjali Goyal. The code of practice is a comprehensive collection of guidelines for fire prevention in workshops, offices and colony areas that enables a safe and fire free work environment. This is the first time in the summer season when such unique safety bulletin was released for the precautions to be taken for fire protection in parks, DG sets and powerhouses at the high-risk areas of workshops, office buildings, hospitals, residential complexes, market places and oil and lubricant stores.

According to the GM, this bulletin will be very useful in enhancing the preparation for fire protection of the workshops and offices of the BLW and congratulated all the departments for compiling the code of practice. Expressing her happiness, she also emphasised that the production units have many security dimensions which need attention. 'These methodological codes are very important in relation to the safety of the workforce which will prove to be capable and effective in ensuring well-trained disciplined manpower security,' said Anjali Goyal, adding that she was delighted that on March 8 last 'Manthan', a dedicated facility for safety training, was inaugurated which ensures a safe workplace by strict adherence to practical and consistent training of the practices laid down in the safety code.

'The Safety department has done a good job compiling this code of practice covering every area of the BLW campus and shop floors,' the GM said. On the occasion of the release, several senior officials participated in the programme through virtual medium, which included Principal Chief Mechanical Engineer Vineet Kumar Saxena and Chief Safety Officer Nitin Mehrotra.

**राष्ट्रीय सहारा, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बरेका की जीएम ने कोड ऑफ प्रैक्टिस का किया विमोचन



**वाराणसी (एसएनबी)।** बनारस रेल कारखाना संरक्षा विभाग ने आग और अन्य अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए 'कोड आफ प्रैक्टिस' (पद्धति संहिता) का प्रकाशन किया। इसे बरेका की महाप्रबंधक अंजली गोयल ने वर्चुअल विमोचन किया। कोड ऑफ प्रैक्टिस कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशा-निर्देशों का एक व्यापक संग्रह है जो एक सुरक्षित एवं अग्निमुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है।

बरेका में पहली बार इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावर हाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है। यह बुलेटिन बरेका के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। जीएम ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण है। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। खुशी है कि 8 मार्च 2021 को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा 'मंथन' का उद्घाटन किया गया था। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा भी शामिल हुए।

**शुभ उपकार, नई दिल्ली**

**दिनांक: 30.05.2021**

# महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से अग्नि तथा अन्य ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्वति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) का किया गया विमोचन

वाराणसी। बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है , जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है। यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है। यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। महाप्रबंधक महोदया ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण हैं। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। मुझे खुशी है कि 8 मार्च 2021 को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा ष्मंथनष का उद्घाटन किया गया था। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा । संरक्षा विभाग ने बीएलडब्ल्यू कैंपस और शॉप फ्लोर के हर क्षेत्र को कवर करते हुए इस कोड ऑफ प्रैक्टिस को संकलित करने के लिए अच्छा कार्य किया है। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।



अंजली गोयल , महाप्रबंधक
बनारस रेल इंजन कारखाना



## स्वतंत्र चेतना, वाराणसी

## दिनांक: 30.05.2021

# महाप्रबंधक ने वर्चुअल माध्यम से अग्नि तथा अन्य सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता, कोड ऑफ प्रैक्टिस का किया विमोचन

**ब्यूरो प्रमुख, वाराणसी**

बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है, जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता ;कोड ऑफ प्रैक्टिसद्ध कार्यशालाए कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है। यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्कए डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को



संकलित किया है। यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। महाप्रबंधक महोदया ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण है। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। मुझे खुशी है कि ८ मार्च २०२१ को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा मंथन का उद्घाटन किया गया था। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा। संरक्षा विभाग ने बीएलडब्ल्यू कैंपस और शॉप फ्लोर के हर क्षेत्र को कवर करते हुए इस कोड ऑफ प्रैक्टिस को संकलित करने के लिए अच्छा कार्य किया है। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विनीत कुमार सक्सेनाए मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए।

## आज, कानपुर

## दिनांक: 30.05.2021

# बरेका महाप्रबंधक ने वर्चुअल के माध्यम से किया विमोचन



Inauguration of Disaster Management Training Room "Manthan" by Respected Ms. Anjali Goyal, GM/BLW on 8th March 2021 & some glimpses of Firefighting mock drill and training.

आज का कानपुर ब्युरो चीफ़ राजेंद्र प्रसाद जायसवाल

वाराणसी।बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है , जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल के द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है।यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है।यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा।महाप्रबंधक ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी।विमोचन के अवसर पर वर्चुअल के माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।

**न्यायाधीश, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल ने वर्चुअल माध्यम से किया विमोचन

## अग्नि तथा अन्य ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का हुआ विमोचन





वाराणसी। बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है , जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह है जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है।यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है।यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। महाप्रबंधक ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम है जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण है। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। मुझे खुशी है कि 8 मार्च 2021 को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा 'मंथन' का उद्घाटन किया गया था। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा । संरक्षा विभाग ने बीएलडब्लू कैंपस और शॉप फ्लोर के हर क्षेत्र को कवर करते हुए इस कोड ऑफ प्रैक्टिस को संकलित करने के लिए अच्छा कार्य किया है। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।

**न्यायाधीश, प्रयागराज**

**दिनांक: 30.05.2021**


# महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल ने वर्चुअल माध्यम से किया विमोचन

## अग्नि तथा अन्य ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का हुआ विमोचन







वाराणसी। बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है , जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह है जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है।यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है।यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। महाप्रबंधक ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम है जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण है। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। मुझे खुशी है कि 8 मार्च 2021 को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा 'मंथन' का उद्घाटन किया गया था। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा । संरक्षा विभाग ने बीएलडब्लू कैंपस और शॉप फ्लोर के हर क्षेत्र को कवर करते हुए इस कोड ऑफ प्रैक्टिस को संकलित करने के लिए अच्छा कार्य किया है। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।

**आज, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बरेका में अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का विमोचन

बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है , जिसका शनिवारको महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है। यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है। यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा।विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।

**जनवार्ता, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बरेका में सुरक्षा को पद्धति संहिता का विमोचन

**वाराणसी (जनवार्ता)**। बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है, जिसे शनिवार को महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशा-निर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है। यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है।

**स्टेट मिडिया, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बरेका में अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा हेतु पद्धति संहिता का विमोचन

वाराणसी(स्टेट मीडिया)। बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा हेतु पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है। जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला,कार्यालयों और आवासीय कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिदेशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है।यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों,आवासीय परिसर,बाजार,तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क,डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है।यह तरीका बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा।महाप्रबंधक महोदया ने इसको संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण हैं। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण हेतु अनुपालन करने की हिदायत दी।विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।

**दैनिक जागरण, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# पद्धति संहिता का बरेका महाप्रबंधक ने किया विमोचन

वाराणसी : बरेका की महाप्रबंधक अंजली गोयल ने पद्धति संहिता (कोड आफ प्रैक्टिस) का शनिवार को विमोचन किया। बरेका संरक्षा विभाग ने आग व अन्य अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है। महाप्रबंधक ने वर्चुअल आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कार्यशाला, कार्यालयों, कालोनी क्षेत्र में अग्नि से बचाव के दिशा निर्देशों का पद्धति संहिता व्यापक संग्रह है, जो सुरक्षित और अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाती है। पहलीबार इस अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन से कार्यशाला, कार्यालय, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान और तेल भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और गर्मी में पावर हाउस की अग्नि से सुरक्षा की सावधानियों को संकलित किया गया है। यह बनारस रेल इंजन कारखाना की कार्यशाला के साथ ही सुरक्षा तैयारी को बढ़ाने में उपयोगी होगा। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विनीत सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा आदि थे। (जासं)

**हिन्दुस्तान, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बरेगा में कोड ऑफ प्रैक्टिस का विमोचन

वाराणसी। बरेका की महाप्रबंधक अंजलि गोयल ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से आपातकाल के दौरान होने वाले बचाव कार्य वाले कोड ऑफ प्रैक्टिस का विमोचन किया। पहली बार ऐसा हुआ है कि अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से सुरक्षा के लिए सावधानियों को संकलित किया गया है।

**अमर उजाला, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# आग से बचाव को बरेका में कोड ऑफ प्रैक्टिस का विमोचन



वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में आग और अन्य ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं से बचाव के लिए पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) का विमोचन शनिवार को महाप्रबंधक अंजली अग्रवाल ने किया। महाप्रबंधक ने कहा कि अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा को ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है। ब्यूरो

**न्यायाधीश, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में जागरुकता अभियान के साथ अब तक 27305 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण



वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए सुझाव 'जहाँ बीमार वहीं उपचार' को दृष्टिगत रखते हुए महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान बरेका चिकित्सालय टीम एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वयन में चरणबद्ध तरीके से चल रहा है अब तक कुल 27305 पात्र लाभार्थियों को टीका लगाया गया ,जिसके अंतर्गत 18 से 44 आयु वर्ग के लाभार्थियों सहित प्रथम डोज कुल ङ19571ङ लोगों को एवं दूसरा डोज कुल 7734 लोगो को दिया गया।

भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा करोना संक्रमण से संबंधित सभी निर्दिष्ट निर्देशों का अनुपालन यथावत सुनिश्चित करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी में चिकित्सीय व्यवस्था, आइसोलेशन, एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच, टीकाकरण, कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सहित जन जागरूकता अभियान को लगातार चलाया जा रहा है। बरेका स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत न केवल रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों बल्कि शहर के आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से अपने टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा है। आज शनिवार 29 मई 2021 को टीकाकरण केंद्र में अब तक का सर्वाधिक एक दिन में कुल 714 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें रेलवे के 86 तथा नॉन रेलवे के 285 लाभार्थियों सहित कुल 371पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई जबकि दूसरी डोज रेलवे के 192तथा नॉन रेलवे के 151 लाभार्थियों सहित कुल 343 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया । इस प्रकार अब तक लगातार टीकाकरण चलाकर रेलवे के 8489 तथा नॉन रेलवे के 11089 लाभार्थीयो सहित कुल 19571 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई,जबकि दूसरी डोज रेलवे के 5055 तथा नॉन रेलवे के 2679 लाभार्थीयो सहित कुल 7734 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों से टीका लगवाने की अपील की जा रही है। कर्मचारी कुब टीकाकरण केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे उसके लिए रेल सुरक्षा बल एवं सेंट जॉन्स एम्बुलेंस बिग्रेड का सहयोग लिया जा रहा है। टीकाकरण टीम के साथ सिविल डिफेंस के सदस्य रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन में अपना सहयोग दे रहे हैं। जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बनारस रेल इंजन कारखाना पूरी टीम भावना के साथ एकजुट होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने व नए स्ट्रेन के संक्रमण से सुरक्षा कवच प्रदान करने हेतु करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीकाकरण का कार्य तीव्र गति से कर रहा है।

**न्यायाधीश, प्रयागराज**

**दिनांक: 30.05.2021**


# बनारस रेल इंजन कारखाना में जागरुकता अभियान के साथ अब तक 27305 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण





वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए सुझाव 'जहाँ बीमार वहीं उपचार' को दृष्टिगत रखते हुए महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान बरेका चिकित्सालय टीम एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वयन में चरणबद्ध तरीके से चल रहा है अब तक कुल 27305 पात्र लाभार्थियों को टीका लगाया गया ,जिसके अंतर्गत 18 से 44 आयु वर्ग के लाभार्थियों सहित प्रथम डोज कुल ङ19571ङ लोगों को एवं दूसरा डोज कुल 7734 लोगो को दिया गया।

भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा करोना संक्रमण से संबंधित सभी निर्दिष्ट निर्देशों का अनुपालन यथावत सुनिश्चित करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी में चिकित्सीय व्यवस्था, आइसोलेशन, एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच, टीकाकरण, कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सहित जन जागरूकता अभियान को लगातार चलाया जा रहा है। बरेका स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत न केवल रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों बल्कि शहर के आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से अपने टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा है। आज शनिवार 29 मई 2021 को टीकाकरण केंद्र में अब तक का सर्वाधिक एक दिन में कुल 714 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें रेलवे के 86 तथा नॉन रेलवे के 285 लाभार्थियों सहित कुल 371पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई जबकि दूसरी डोज रेलवे के 192तथा नॉन रेलवे के 151 लाभार्थियों सहित कुल 343 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया । इस प्रकार अब तक लगातार टीकाकरण चलाकर रेलवे के 8489 तथा नॉन रेलवे के 11089 लाभार्थीयो सहित कुल 19571 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई,जबकि दूसरी डोज रेलवे के 5055 तथा नॉन रेलवे के 2679 लाभार्थीयो सहित कुल 7734 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों से टीका लगवाने की अपील की जा रही है। कर्मचारी कुब टीकाकरण केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे उसके लिए रेल सुरक्षा बल एवं सेंट जॉन्स एम्बुलेंस बिग्रेड का सहयोग लिया जा रहा है। टीकाकरण टीम के साथ सिविल डिफेंस के सदस्य रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन में अपना सहयोग दे रहे हैं। जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बनारस रेल इंजन कारखाना पूरी टीम भावना के साथ एकजुट होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने व नए स्ट्रेन के संक्रमण से सुरक्षा कवच प्रदान करने हेतु करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीकाकरण का कार्य तीव्र गति से कर रहा है।

**राष्ट्रीय सहारा, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बीएलडब्ल्यू में अब तक 27306 का टीकाकरण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**वाराणसी।**

बनारस रेल इंजन कारखाना में प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए सुझाव 'जहां बीमार वहीं उपचार' को दृष्टिगत रखते हुए महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान बरेका चिकित्सालय टीम एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वयन में चरणबद्ध तरीके से चल रहा है अब तक कुल 27305 पात्र लाभार्थियों को टीका लगाया गया जिसके अंतर्गत 18 से 44 आयु वर्ग के लाभार्थियों सहित प्रथम डोज कुल 19571 लोगों को एवं दूसरा डोज कुल 7734 लोगो को दिया गया। भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा करोना संक्रमण से संबंधित सभी निर्दिष्ट निर्देशों का अनुपालन यथावत सुनिश्चित करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना में चिकित्सीय व्यवस्था, आइसोलेशन, एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच, टीकाकरण, कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सहित जन जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। बरेका स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत न केवल रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों बल्कि शहर के

**आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा**

आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से अपने टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा है।

आज शनिवार को टीकाकरण केंद्र में अब तक का सर्वाधिक एक दिन में कुल 714 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें रेलवे के 86 तथा नॉन रेलवे के 285 लाभार्थियों सहित कुल 371 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई जबकि दूसरी डोज रेलवे के 192 तथा नॉन रेलवे के 151 लाभार्थियों सहित कुल 343 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। इस प्रकार अब तक लगातार टीकाकरण चलाकर रेलवे के 8489 तथा नॉन रेलवे के 11089 लाभार्थीयो सहित कुल 19571 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 5055 तथा नॉन रेलवे के 2679 लाभार्थीयो सहित कुल 7734 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों से टीका लगवाने की अपील की जा रही है।

कर्मचारी क्लब टीकाकरण केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे उसके लिए रेल सुरक्षा बल एवं सेंट जॉन्स एम्बुलेंस बिग्रेड का सहयोग लिया जा रहा है। टीकाकरण टीम के साथ सिविल डिफेंस के सदस्य रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन में अपना सहयोग दे रहे हैं। जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बनारस रेल इंजन कारखाना पूरी टीम भावना के साथ एकजुट होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने व नए स्ट्रेन के संक्रमण से सुरक्षा कवच प्रदान करने हेतु करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीकाकरण का कार्य तीव्र गति से कर रहा है।

**शुभ उपकार, नई दिल्ली**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में जागरूकता अभियान के साथ अब तक 27305 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण



वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए सुझाव "जहाँ बीमार वहीं उपचार" को दृष्टिगत रखते हुए महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कोविड–19 टीकाकरण का महाअभियान बरेका चिकित्सालय टीम एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वयन में चरणबद्ध तरीके से चल रहा है अब तक कुल 27305 पात्र लाभार्थियों को टीका लगाया गया जिसके अंतर्गत 18 से 44 आयु वर्ग के लाभार्थियों सहित प्रथम डोज कुल 19571 लोगों को एवं दूसरा डोज कुल 7734 लोगो को दिया गया। भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा करोना संक्रमण से संबंधित सभी निर्दिष्ट निर्देशों का अनुपालन यथावत सुनिश्चित करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी में चिकित्सीय व्यवस्था, आइसोलेशन, एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच, टीकाकरण, कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सहित जन जागरूकता अभियान को लगातार चलाया जा रहा है। बरेका स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत न केवल रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों बल्कि शहर के आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से अपने टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा है। आज शनिवार 29 मई 2021 को टीकाकरण केंद्र में अब तक का सर्वाधिक एक दिन में कुल 714 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें रेलवे के 86 तथा नॉन रेलवे के 285 लाभार्थियों सहित कुल 371 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई जबकि दूसरी डोज रेलवे के 192 तथा नॉन रेलवे के 151 लाभार्थियों सहित कुल 343 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया । इस प्रकार अब तक लगातार टीकाकरण चलाकर रेलवे के 8489 तथा नॉन रेलवे के 11089 लाभार्थीयो सहित कुल 19571 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई,जबकि दूसरी डोज रेलवे के 5055 तथा नॉन रेलवे के 2679 लाभार्थीयो सहित कुल 7734 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों से टीका लगवाने की अपील की जा रही है। कर्मचारी क्लब टीकाकरण केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे उसके लिए रेल सुरक्षा बल एवं सेंट जॉन्स एम्बुलेंस बिग्रेड का सहयोग लिया जा रहा है। टीकाकरण टीम के साथ सिविल डिफेंस के सदस्य रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन में अपना सहयोग दे रहे हैं। जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बनारस रेल इंजन कारखाना पूरी टीम भावना के साथ एकजुट होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने व नए स्ट्रेन के संक्रमण से सुरक्षा कवच प्रदान करने हेतु करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीकाकरण का कार्य तीव्र गति से कर रहा है।

**वीर अर्जुन, लखनऊ**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में 549 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन

डा. अरविंद गाँधी



वाराणसी। महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। यहां वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, केंद्रीय चिकित्सालय मेडिकल टीम द्वारा कर्मचारी क्लब में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज शुक्रवार, 28 मई, 2021 को टीकाकरण केंद्र में ड549ड पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के ड39ड तथा नॉन रेलवे के ड359ड लाभार्थीयो सहित कुल ड398ड पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के ड89ड तथा नॉन रेलवे के ड62ड लाभार्थीयो सहित कुल ड151ड लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन,कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है।साथ ही साथ जागरूकता हेतु करोना प्रोटोकॉल नियमों का पालन, संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह-जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है।

**जनसत्ता, लखनऊ**

**दिनांक: 30.05.2021**

## बनारस रेल इंजन कारखाना में 549 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन



महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड–19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज शुक्रवार, 28 मई, 2021 को टीकाकरण केंद्र में '549' पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के '39' तथा नॉन रेलवे के '359' लाभार्थीयो सहित कुल '398' पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के '89' तथा नॉन रेलवे के '62' लाभार्थीयो सहित कुल '151' लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड–19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही साथ संयुक्त सचिव कर्मचारी परिषद व अन्य सभी सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को भी टीकाकरण कराए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**कालभैरव, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में ५४९ लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन

वाराणसी (का.सं.)। महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड-१९ टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। यहां वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, केंद्रीय चिकित्सालय मेडिकल टीम द्वारा कर्मचारी कूब में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज शुक्रवार, २८ मई, २०२१ को टीकाकरण केंद्र में ५४९ पात्र लाभार्थिन्यों का टीकाकरण किया गया।



इस प्रकार बरेका में रेलवे के ३९ तथा नॉन रेलवे के ३५९ लाभार्थीयो सहित कुल ३९८ पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के ८९ तथा नॉन रेलवे के ६२ लाभार्थीयो सहित कुल १५१ लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।

बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मिन्यों को कोविड-१९ से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन,कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है।साथ ही साथ जागरूकता हेतु करोना प्रोटोकॉल नियमों का पालन, संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह-जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है। रेलवे सुरक्षा बल बरेका द्वारा जन जागरूकता संदेशो, करोना बचाओ संबंधित गीतों का प्रसारण जनसूचना प्रणाली के माध्यम से निरन्तर किया जा रहा है। साथ ही साथ संयुक्त सचिव कर्मचारी परिषद व अन्य सभी सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को भी टीकाकरण कराए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**आज, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# बरेकामें टीकाकरण की व्यवस्था चुस्त-दुरुश्त

रोहनिया विधायक श्री सुरेन्द्र नारायण सिंहने शनिवारको बीएलडब्ल्यू में चल रहे टीकाकरण केंद्र का भी दौरा किया। दौरेके दौरान हॉस्पिटलके प्रमुख चिकित्सा अधिकारीके अलावा अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। बकौल विधायक टीकाकरण सुचारू रूपसे चल रहा था। १८ वर्ष से ४५ वर्ष तथा ४५ वर्ष से ऊपर वालों का अलग-अलग काउंटर बनाया गया था। लोग आरामसे टीका लगवा रहे थे। यहां पर उपस्थित सभी कर्मचारीगण आने वाले लोगों का ध्यान रखते हुए टीकाकरण में मदद कर रहे थे।



बरेका टीकाकरण केन्द्रका निरीक्षण करते विधायक सुरेन्द्रनारायण सिंह।

**आज, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# जल समस्याके निराकरणके लिए विधायक ने नगर निगमके अधिकारियोंको किया तलब

बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू) से सटे लगभग आधा दर्जनसे भी अधिक गांव ऐसे हैं जो जलजमावके लिए अभिशप्त है। बरसातके दिनोंमें तो ये और भी बुरी स्थितिमें पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा समस्याके निदान और जलनिकासी की समुचित व्यवस्थाके लिए समय-समय पर शासन-प्रशासनसे गुहार लगायी जाती रही है। मगर अबतक इसपर कोई कारगर पहल नहीं किया गया। नतीजन स्थिति जसकी तस बनी हुई है। बावजूद इसके ग्रामीण समस्याके निराकरणके प्रयासमें जुटे रहे। उन्होंने रोहनिया विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंहसे सम्पर्क कर उन्हें समस्याओंसे अवगत कराया। समस्याकी जानकारी मिलते ही विधायक श्री सिंह नगर आयुक्त समेत नगर निगमके सभी बड़े अधिकारियोंको शनिवारको तलब किया।

**बीएलडब्ल्यू से सटे गांवोंमें बरसातसे पूर्व जल निकासीकी व्यवस्था करानेका दिया निर्देश**

अधिकारियोंके आनेके बाद विधायक ने जलजमाव वाले गांवों-मढौली, नाथूपुर, जलालीपट्टी, पहाड़ी, गणेशपुर, कंदवा, कंचनपुरका मौका मुआयना कराया। तत्पश्चात समुचित जलनिकासी की व्यवस्था करानेकी नगर आयुक्त समेत अधिकारियोंको निर्देश दिया। विधायक ने बरसात पूर्व कार्य करानेपर भी जोर दिया। उनका मानना है कि यदि समयसे कदम उठा लिया जाय तो इन गांवोंमें बरसातमें होने वाली जलजमावकी समस्यासे हमेशाके लिए निजात मिल जायेगी। इस दौरान विधायक के साथ नगर निगमके अधिकारियोंके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, प्रधानसंघके अध्यक्ष कमलेश पाल, पूर्व प्रधान सलगू पटेल, गोपाल पटेल, मंडल अध्यक्ष सुधीर प्रजापति, पूर्व प्रधान लल्ला राम वर्मा तथा बड़ी संख्यामें ग्रामीण उपस्थित रहे।



बीएलडब्ल्यू के उत्तरी छोरपर सटे मढ़ौली गांवमें जलनिकासीकी समस्याको लेकर निरीक्षण करते विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह, नगर आयुक्त एवं अन्य अधिकारी। छाया : आज

**राष्ट्रीय सहारा, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

## विधायक व नगर आयुक्त ने जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

**वाराणसी ।** विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह व नगर आयुक्त गौरांग राठी ने शनिवार को बनारस रेल कारकाना के पहाड़ी गेट के पास के आवासीय कालोनी, कंचनपुर कालोनी तथा पहाड़ी गेट से कंदवा गेट तक सर्विस रोड में जलजमाव एवं सड़क, सीवर का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बरेकावासी और उनके परिजन प्रत्येक वर्ष बरसात शुरू होते ही परेशानी का सामना करते है। बीएलडब्ल्यू मजदूर संघ द्वारा डीएम वाराणसी एवं विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह को इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया गया था। इसे संज्ञान लेते हुए रविवार को विधायक सुरेंद्र सिंह और नगर आयुक्त गौरांग राठी ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने समस्या के उचित और स्थाई समाधान हेतु बीएलडब्ल्यू मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों से वार्ता की। वार्ता के उपरांत अधिकारी द्वय द्वारा पहाड़ी गेट से कंदवा गेट तक के सर्विस रोड का अविलंब निर्माण तथा सीवर के निकास हेतु एम्ब्रोसिया के पास वाले नाले की समुचित सफाई बरसात से पूर्व कराने पर सहमति बनी। इस संबंध में बरेका व प्रशासन के मध्य शीघ्र एक समन्वय बैठक कराने का निर्णय लिया गया, जिसमें समस्याओं का समाधान निकालने हेतु रणनीति बनाई जा सके। निरीक्षण के के दौरान बीएलडब्ल्यू मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राधा बल्लभ, महामंत्री कृष्ण मोहन, कर्मचारी परिषद सदस्य नवीन सिन्हा, विश्वनाथ सिंह, दीपेश सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

**जनवार्ता, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# रोहनियां विधायक संग नगर आयुक्त ने समस्याओं को परखा

## साफ-सफाई सहित अन्य दुर्व्यवस्थाओं को दूर करने का दिया निर्देश



शनिवार को रोहनियां में क्षेत्र भ्रमण करते विधायक, नगर आयुक्त व अन्य।

वाराणसी (जनवार्ता)। शनिवार को पूर्वाह्न में विधायक, रोहनिया, सुरेन्द्र नारायण सिंह एवं नगर आयुक्त, गौरांग राठी एवं मौके पर मुख्य अभियन्ता एसपी सिंह, अधिशासी अभियंता, अरविन्द श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी,भेलूपुर, जगदीश यादव, नगर निगम एवं जीएम. जलकल राघवेंद्र कुमार, सचिव, जलकल सिद्धार्थ कुमार , के साथ कंचनपुर पुलिया से कन्दवा तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया गया । कंचनपुर पुलिया से कन्दवा तालाब तक अस्सी नाला जेसीबी ट्रेक्टर, लगाकर सफाई कराने के निर्देश दिए गये । चॉदपुर चौराहा से नगर विस्तार सीमा भुल्लनपुर लल्लू टेन्ट वाली पुलिया तक नाला निर्माण की आवश्यकता बतायी गयी। इसके अलावा भुल्लनपुर रोड, जलालीपट्टी, मड़ौली गॉव की समस्याओं का निदान अविलम्ब किये जाने पर सहमति जतायी।

**जन सन्देश टाइम्स, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

# असि नदी की सफाई जलकल कराएगा



नाले का जायजा लेते विधायक व अन्य अफसर

जनसंदेश न्यूज

**आदेश जारी**

**रोहनिया विधायक के साथ नगर आयुक्त व अन्य अफसरों ने किया मौका मुआयना**

**वाराणसी।** गंदगी व अतिक्रमण से सिसक रही असि नदी की जेसीबी से सफाई होगी। इस आशय का आदेश नगर आयुक्त गौरांग राठी ने रोहनिया विधायक सुरेंद्र सिंह औढे के साथ निरीक्षण के बाद जारी कर दिया। नाले में तब्दील हो चुकी असि नदी की अब जलकल सफाई कराएगा। विधायक के साथ नगर आयुक्त ने कंचनपुर पुलिया से कंदवा नाला तक का निरीक्षण किया।

सिल्ट जमा होने से पानी का बहाव ठहर गया था। इसे देख नगर आयुक्त ने जेसीबी से सिल्ट सफाई का आदेश जलकल विभाग को दिया। साथ ही चांदपुर चौराहा से नगर विस्तार सीमा भुल्लनपुर लल्लू टेंट वाली पुलिया तक नाला निर्माण की आवश्यकता को विधायक व नगर आयुक्त ने बताया।नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि उसके आगे ग्राम पंचायत की तरफ लल्लूजी टेंट पुलिया से रोहनिया की ओर ह्यूम पाइप से भूमिगत नाला का प्रस्ताव जिला पंचायत द्वारा तैयार किया जा रहा है, जिसके निर्माण के समय नाला का लेवल आदि जलकल विभाग द्वारा तकनीकी सर्वे कराएगा। कंदवा से एम्बोसिया नाले व बरेका से कंचनपुर तक तकनीकी सर्वे कर जलकल विभाग बरेका प्रशासन से भी वार्ता करेगा। पहाड़ी गांव में सड़कों पर कई गड्ढे हो गए हैं। इसके लिए भी बरेका प्रशासन से वार्ता कर दुरुस्त कराने का भरोसा दिया। भुल्लनपुर रोड, जलालीपट्टी तक नाला जो ग्राम नाथुपुर से जाता है और जिसे वर्षा के दौरान बंद कर दिया जाता है उसे भी खुलवाने के निर्देश दिए गए। मड़ौली गांव में जलभराव की स्थिति को भी निस्तारित करने के लिए पुलिया से बरेका तक अंदर दुरुस्त कराने के लिए भी कहा गया। साथ में सैनिटाइजेशन भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जलकल जीएम रघुवेंद्र कुमार, नगर निगम के मुख्य अभियंता एसपी सिंह, अधिशासी अभियंता अरविंद श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी भेलपुर जगदीश यादव, जलकल सचिव सिद्धार्थ कुमार आदि रहे।

**अमर उजाला, वाराणसी**

**दिनांक: 30.05.2021**

## बरेका में जलभराव को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

**वाराणसी।** बरेका के आवासीय कॉलोनियों में जलभराव, सीवर की समस्या से परेशान लोग परेशान हैं। कंचनपुर कॉलोनी तथा पहाड़ी से कंदवा गेट तक सर्विस रोड पर सबसे ज्यादा दिक्कत है। लोग बरेका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर थक गए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। शनिवार को निरीक्षण करने पहुंचे रोहनिया विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा और नगर आयुक्त गौरांग राठी को आक्रोश का सामना करना पड़ा। ब्यूरो